आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 12.11.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- गृह मंत्री अमित शाह ने कहा – दिल्ली विस्फोट के दोषियों को कड़ी सज़ा मिलेगी। मामले की जांच एन.आई.ए. को सौंपी।
- टिहरी जिले के चंबा में तीन दिवसीय पासपोर्ट मेला शुरू। मोबाइल वैन के माध्यम से आवेदकों को घर पर ही पासपोर्ट बनाने की सुविधा दी जा रही है।
- पौड़ी गढ़वाल के लक्ष्मणझूला क्षेत्र में गंगा तटों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस इन दिनों विशेष जागरूकता अभियान चला रही है।
- बदरीनाथ यात्रा अपने अंतिम चरण में। बड़ी संख्या में श्रद्धालु धाम पहुंच रहे हैं। अब तक 16 लाख 38 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए।

<u>अमित शाह</u>

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि दिल्ली विस्फोट की घटना में शामिल सभी लोगों को कड़ी सजा मिलेगी। श्री शाह ने कल नई दिल्ली में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को दिल्ली विस्फोट की घटना के हर दोषी की तलाश करने के निर्देश दिए। इस बीच, गृह मंत्रालय ने दिल्ली विस्फोट मामले की जाँच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण को सौंप दी है। शहर के सभी संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दिल्ली पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधि–रोकथाम– अधिनियम– विस्फोटक अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है।

<u>सघन चेकिंग अभियान</u>

दिल्ली में कार विस्फोट के बाद प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। राज्य के सभी जिलों की सीमाओं, संवेदनशील स्थलों, धार्मिक स्थलों, बाजारों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, मॉल और अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चम्पावत जिले में नेपाल से लगी सीमा के साथ ही जगह–जगह सुरक्षा एजेंसियों द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। नेपाल जाने वाले सभी रास्तों, होटल, ढाबों, बस अड्डों, टैक्सी स्टैंड, सार्वजनिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस टीमें लगातार वाहनों की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस बल को लगातार रात्रि गश्त, चेकिंग प्वाइंट निरीक्षण और सीसीटीवी निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वाहन या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम या नज़दीकी थाना को दें। उधर, बदरीनाथ धाम की सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है। मंदिर, धर्मशालाओं, होटल, ढाबों की गहन तलाशी की जा रही है। सेना और पुलिस संयुक्त रूप से गश्त कर रही है। ड्रोन कैमरों से भी धाम की निगरानी की जा रही है।

<u>पासपोर्ट मेला</u>

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय देहरादून की पहल पर टिहरी जिले के ब्लॉक कार्यालय चंबा में तीन दिवसीय पासपोर्ट मेला शुरू हो गया है। इसके तहत मोबाइल वैन के माध्यम से आवेदकों को घर पर ही पासपोर्ट बनाने की सुविधा दी जा रही है। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी विजय शंकर पांडेय ने बताया कि पासपोर्ट मेले में चंबा में 150 पासपोर्ट बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लिए यह सुविधा वरदान साबित हो रही। उन्होंने बताया कि अब तक 15 स्थानों पर इस तरह के मोबाइल वैन कैंप लगाए जा चुके हैं।

पासपोर्ट बनाने आए मोहित कुमार ने बताया कि इस सुविधा से लोगों को काफी लाभ मिल रहा है।

## साइबर चर्चा

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने नई दिल्ली में केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद से मुलाकात कर साइबर अपराध और साइबर कानून पर चर्चा की। श्री महाराज ने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध एक बड़ी चुनौती बन गया है। हैकिंग, फिशिंग, साइबर स्टॉकिंग और ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे अपराध निरन्तर बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनके विरुद्ध कड़े प्रावधान सुनिश्चित करने की दिशा में मिलकर काम करना होगा। उन्होंने साइबर अपराध की रोकथाम के लिए अभियान चलाने के साथ ही लोगों को साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण देने पर बल दिया, ताकि लोग साइबर अपराधों से बचाव के तरीके सीख सकें। पर्यटन मंत्री ने कहा कि साइबर अपराधों के लिए विशेष अदालतें स्थापित करनी चाहिए, ताकि मामलों का तेजी से निपटारा हो सके।

## जागरूकता अभियान

पौड़ी गढ़वाल के लक्ष्मणझूला क्षेत्र में गंगा तटों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने, गंगा घाटों पर यात्रियों और पर्यटकों के सुरक्षित स्नान–ध्यान के साथ ही आवाजाही सुनिश्चित करवाने के लिए पुलिस इन दिनों विशेष जागरूकता अभियान चला रही है। इसके लिए थानाध्यक्ष लक्ष्मणझूला द्वारा जल पुलिस के साथ चौकी रामझूला और लक्ष्मणझूला क्षेत्र में दो अलग–अलग विशेष स्क्वाड का गठन किया गया है। जिसमें पुलिस टीम अभियान चलाकर लगातार गंगा तटों पर गश्त कर रही है। पौड़ी गढ़वाल के अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन सिंह ने बताया कि नदी तटों पर सम्भावित दुर्घटना स्थलों के आस–पास पत्थरों पर चेतावनी लिखी जा रही है। इसके साथ ही प्रतिबंधित घाटों पर यात्रियों ओर पर्यटकों को लाउड हेलर के माध्यम से आगाह करते हुए ऐसे तटों पर आवाजाही न करने की अपील की जा रही है। उन्होंने कहा कि गंगा तट पर जल का स्तर अचानक बढ़ जाने से दुर्घटनाएं होने की संभावना रहती है। इसे देखते हुए लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

## बदरीनाथ धाम यात्रा

चमोली जिले में स्थित बदरीनाथ धाम की यात्रा इन दिनों अपने अंतिम चरण में है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु धाम पहुंचकर भगवान बदरी विशाल के दर्शन कर रहे हैं। धाम में अब तक रिकॉर्ड संख्या में 16 लाख 38 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे हैं। गौरतलब है कि आगामी 25 नवंबर को बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल में श्रद्धालुओं के लिए बंद किए जाएंगे।

## जिलाधिकारी बैठक

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में लखपति दीदी योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वयं सहायता समूहों के आर्थिक सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादों के माध्यम से आत्मनिर्भर आर्थिकी के लक्ष्य पर विस्तृत चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित रेखीय विभागों को निर्देश दिए कि कृषि, उद्यान, पशुपालन और आजीविका योजनाओं का समन्वित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त दिशा मिल सके। उन्होंने कहा कि जिले के प्राकृतिक संसाधनों और बाजार संभावनाओं को देखते हुए योजनाओं को स्थानीय किसानों, उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों के हित में व्यावहारिक स्वरूप दिया जाए। जिलाधिकारी ने उद्यान विभाग को निर्देशित किया कि श्रीनगर, लैंसडाउन, कोटद्वार और यमकेश्वर जैसे बड़े बाजारों में सब्जी की मांग को देखते हुए सामुदायिक फेडरेशनों को उपभोक्ता मांग के अनुरूप सब्जी उत्पादन के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे कृषि उत्पादों को बढ़ावा दिया जाए, जिनको जंगली जानवरों से नुकसान की संभावना न के बराबर हो। जिलाधिकारी ने कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे फसलों के क्षेत्र विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जाए, जो कम जोखिम वाली हों और किसानों के लिए स्थायी आय का माध्यम बन सकें।

## राजाजी टाइगर रिजर्व

हाथियों और जंगली जानवरों के लिए मशहूर राजाजी टाइगर रिजर्व जल्द ही पर्यटकों से गुलजार होगा। 15 नवंबर से राजाजी पार्क पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। हालांकि इस मानसून सीजन में हुई तेज बारिश के चलते जंगल सफारी का ट्रैक जगह–जगह क्षतिग्रस्त हो गया और मार्ग में भूस्खलन होने से कच्ची सड़क भी टूट गई है, जिसके कारण इस बार पार्क प्रशासन की चुनौतियां बढ़ गई है। ऐसे में इस बार ट्रैक की रेंज कम करके वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। चीला रेंज में पर्यटकों के लिए वन विभाग के दो गेस्ट हाउस और गढ़वाल मंडल विकास निगम का एक गेस्ट हाउस भी उपलब्ध है। गौरतलब है कि राजाजी टाइगर रिजर्व हाथियों के लिए जाना जाता है। रिजर्व में बढ़ी संख्या में हाथियों की चहलकदमी रहती है। साथ ही बाघ भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहते हैं।